हिन्दुस्तान
शुक्रवार, 12 मई 2023
02
www.livehindustan.com

# मेगा जॉबफेयर में 290 छात्र चयनित हुए

फरीदाबाद। अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के 'सेंटर फॉर करियर काउंसलिंग ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट' में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस मेला में तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों तरह की नौकरियों के अवसर दिए गए। इस मेले में लगभग 350 छात्रों ने पंजीकरण कराया था जिनमे से 290 छात्रों को विभिन्न कंपनियों ने अलग-अलग पदों पर चयनित किया। सभी का चयन करने का तरीका अलग था।